## महत्वपूर्ण एवं खास

### अज्ञात टेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम बिलाड़ी के सीजी ढाबा के पास अज्ञात टेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसासार प्रार्थी अनुज यादव 43 वर्ष ग्राम पौसरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने चाचा दूजराम यादव 45 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 टीआर 7255 से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम बिलाड़ी के सीजी ढाबा के पास अज्ञात ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रार्थी के चाचा दूजराम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकराई, 5 घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से जा टकराई है। इस हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अभनपुर अस्पताल लाया गया है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा बुधवार देर रात हुआ है। रायपुर पासिंग की बोलेरो गाड़ी तेज रफ्तार में राजिम की ओर जा रही थी। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। गाड़ी के एक्सीडेंट होते ही सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में महिलाएं भी सवार थी। इस एक्सीडेंट में कार के अंदर 2 महिला समेत पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसमें 2 व्यक्ति के सिर चोट लगने से लहूलुहान हो गया है। एक्सीडेंट के बाद आसपास मौजूद लोगों ने 108 को सूचना दी। जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे के संबंध में अभनपुर पुलिस ने किसी तरह की सूचना न होने की बात कही है।

### शोएब ढेबर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के जूक क्लब के बाहर हुए विवाद के बाद कोयला घोटाले में जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मारपीट मामले में गिरफ्तार शोएब ढेबर को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा. यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात महापौर एजाज ढेबर का भतीजा शोएब अपने अन्य साथियों के साथ क्लब गया हुआ था. कार पार्किंग में मोबिन नाम के युवक से उसका विवाद हो गया. जिसके बाद उसने जमकर मारपीट की. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गई और शोएब को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि शोएब ढेबर के खिलाफ क्लब में मारपीट के कई मामले दर्ज हैं. आईपी क्लब में विवाद के बाद गोली कांड हुआ था. इसके बाद सिमर्स क्लब में भी विवाद हुआ था. सिविल लाइन थाने में युवती में अपराध दर्ज कराई लेकिन अब तक उसमें गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### स्कूल से गायब रहने वाला शिक्षक निलंबित

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निगारबंद विकासखंड तखतपुर में पदस्थ शिक्षक भोलादेव धुरव द्वारा शाला में अनुपस्थित रहने, अनुपस्थित रहने के बाद बैकडेट में हस्ताक्षर किए जाने से मना करने पर शाला के प्रधान पाठक से ही मारपीट कर दी। इसकी शिकायत प्रधानपाठक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से किया गया। जांच उपरांत डीईओ ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा शाला में अनुपस्थित रहने पर उतने दिनों के वेतन कटौती का भी आदेश जारी कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ के 250 से अधिक स्कूलों ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में लिया भाग

**भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा एससीआईएफएफ**

रायपुर | आरएनएस

एलएक्सएल फाउंडेशन ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एससीआईएफएफ) का 7वां संस्करण प्रस्तुत किया, जो भारत का सबसे बड़ा बच्चों का फिल्म महोत्सव है। छत्तीसगढ़ में, एससीआईएफएफ का प्रदर्शन 250 से अधिक स्कूलों में किया गया और इसमें 82,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, पूरे पूर्वी भारत में लगभग 600 स्कूलों और 1.5 लाख से अधिक छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले अंतरराष्ट्रीय किड्स फिल्म फेस्टिवल के नाम से मशहूर, एससीआईएफएफ भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा है।

शिक्षाविद्, दूरदर्शी, फिल्म निर्माता और फिल्म शिक्षाशास्त्र के मास्टरमाइंड सैयद सुल्तान अहमद के नेतृत्व में, एससीआईएफएफ 2024 एक फिल्म महोत्सव से कहीं बढकर था - यह एक आंदोलन था। 30,000 से अधिक स्कूलों, जिनमें 25,000 प्लस सरकारी स्कूल थे, के 8 मिलियन से अधिक छात्रों ने इस अखिल भारतीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया। इस वर्ष के आयोजन में 20 सेअधिक देशों की 80 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिन्हें 15 से अधिक भाषाओं में दिखाया गया, तथा इनमें मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षा जैसे अनेक विषयों के बारे में बताया गया आज के समय में छात्र जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इन फिल्मों को सावधानी से तैयार किया गया था, जिससे यह महोत्सव ज्ञान और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया। छात्रों के लिए फिल्म निर्माण प्रतियोगिता एससीआईएफएफ का तीसरा खंड रहा, जो 'देखें' और 'सीखें' खंडों से पूरी तरह से मेल खाता है। 'देखें' में स्कूलों में प्रदर्शन के लिए वैश्विक फिल्म निर्माताओं द्वारा प्रस्तुत फिल्में दिखाई गईं, जबकि 'सीखें' में छात्रों को फिल्म निर्माण की कला सिखाने के लिए उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

एससीआईएफएफ 2024 के महोत्सव निदेशक सैयद सुल्तान अहमद ने कहा एससीआईएफएफ 2024 के परिणामों और इसे मिलने वाली प्रशंसा को देखते हुए यह सिद्ध होता है कि शैक्षिक परिदृश्य में इस तरह की पहलों का महत्व बढ़ रहा है। जैसे-जैसे यह महोत्सव साल दर साल गति पकड़ता जा रहा है, यह स्पष्ट है कि पाठ्यक्रम में फिल्म को शामिल करना सिर्फ एक विलासिता नहीं रही, बल्कि एक ज़रूरत बन गई है। छात्रों की भागीदारी से लेकर शिक्षकों के समर्थन तक हमने इसका जो प्रभाव देखा है, वह भावनात्मक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने में फिल्म शिक्षण की अपार क्षमता को रेखांकित करता है। इस साल यह महोत्सव 30,000 स्कूलों में लाखों छात्रों के साथ मनाया गया और इस प्रकार हम भारत में शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में एक व्यापक, परिवर्तनकारी प्रभाव उत्पन्न कर रहे हैं।

एससीआईएफएफ 2024 के मुख्य आकर्षणों में से एक है 'बनाएं' प्रतियोगिता, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी छात्र फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के रूप में मान्यता प्राप्त है, और यह युवा फिल्म निर्माताओं के लिए एक वैश्विक प्लेटफार्म प्रदान करती है। राजस्थान, पंजाब और असम की राज्य सरकारों ने भी इस वर्ष महोत्सव के लिए सहायता प्रदान की, जिससे इसका प्रभाव और भी बढ़ गया है। इसके अलावा, सभी के लिए मानव सुरक्षा विषय पर बनाई गई फिल्में प्रतिवर्ष दिखाई जाती हैं,जो मानव सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फण्ड के साथ मानव सुरक्षा राजदूत के रूप में सैयद सुल्तान अहमद की भूमिका को दर्शाती हैं।

महोत्सव की ज्यूरी में वैश्विक विशेषज्ञों की एक प्रतिष्ठित सूची शामिल है: अयाअल-ब्लौची, अजयाल फिल्म महोत्सव प्रोग्रामर - कतर; पॉलिन माज़ेनोड, फिल्म अधिग्रहण प्रमुख - फ्रांस; धीमंत व्यास, आईआईटी पवई, एनिमेटर और मुंबई के औद्योगिक डिजाईन केंद्र में प्रोफेसर ; इसाबेल मोरिन, लेखक, पटकथाकार और संगीतकार; नीना सबनानी, एनिमेटर और शिक्षिका; सयानी गुप्ता, भारतीय अभिनेत्री; और श्रीमती पिंकी सिंह, प्रिंसिपल, रॉयल कॉनकॉर्ड इंटरनेशनल। उनकी विशेषज्ञता ने सुनिश्चित किया कि सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को उचित मान्यता मिले।

## ग्राम कांटाहरदी में कोतरारोड पुलिस की शराब रेड कार्यवाई : अवैध शराब बिक्री में लिप्त 03 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से 37 लीटर महुआ शराब जब्त

रायगढ़



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 19.09.2024 को कोतरारोड़ टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम कांटाहरदी में अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की।

पुलिस ने गांव में कई संदेहियों के घर पर छापेमारी की, जिसमें 03 आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।

(1) आरोपी विजय जायसवाल (उम्र 27 वर्ष) के कब्जे से दो 5-5 लीटर क्षमता की जरिकेन में भरी 10 लीटर और एक 2 लीटर क्षमता की प्लास्टिक बॉटल में 2 लीटर महुआ शराब, कुल 12 लीटर महुआ शराब, अनुमानित कीमत: रु.1,200।

(2) आरोपी नरेश्वर सिदार (उम्र 50 वर्ष) से एक 5 लीटर जरिकेन और 2 लीटर क्षमता की पेप्सी बॉटल में कुल 7 लीटर महुआ शराब, अनुमानित कीमत: रु.700।

(3) आरोपिया पुष्पा सिदार (उम्र 34 वर्ष) से तीन 5-5 लीटर की जरिकेन, एक 2 लीटर की प्लास्टिक बॉटल, और एक 1 लीटर क्षमता वाली बिसलेरी बॉटल में 18 लीटर महुआ शराब, अनुमानित कीमत: रु.1,800।

इस प्रकार तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 37 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत रु.3,700 है। बरामद की गई शराब को गवाहों के समक्ष जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2, 59-क के तहत मामला दर्ज किया गया है।

टीम की सराहनीय भूमिका :

टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शंकर कालो, आरक्षक चंद्रेश पांडे, मनोज जोल्हे और महिला आरक्षक सुकरिता कर्ष शामिल थी। पुलिस द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और इस दिशा में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। कोतरारोड़ पुलिस जनता से अपील करती है कि वे अवैध शराब की जानकारी पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाने वाला आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राकेश परिहार के रूप में हुई है। उसके पास से फर्जी आईडी बनाने में उपयोग किए गए मोबाइल फ ोन और सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। इससे पहले, एक अन्य आरोपी को अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया जा चुका है।

बता दें कि आरोपी ने मुख्यमंत्री के नाम और फ ोटो का दुरुपयोग करते हुए फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई थी। इसके जरिए उसने छवि धूमिल करने और पैसे ठगने की कोशिश की थी। सूचना मिलने पर रेंज साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले में आईजी रायपुर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए थे। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाने की टीम को तकनीकी साक्ष्य जुटाकर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जांच में टीम को पता चला कि उक्त फर्जी एकाउंट राजस्थान से आपरेट हो रहा है जिस पर टीम ने फर्जी आईडी की जानकारी मिलने पर राजस्थान का लोकेशन ट्रैक किया और आरोपी को रामनगर, तहसील फ ुलेरा, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चक्रधरनगर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय पेश कर भेजा जेल

रायगढ़



दिनांक 18.09.2024 को थाना चक्रधरनगर में स्थानीय महिला ने उसकी लकड़ी के साथ नवीन भट्ट नाम के व्यक्ति द्वारा जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाने के सबंध में एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी। आवेदन के अनुसार बालिका को पिछले साल दिसंबर माह में नवीन एक रात कॉल कर घर के बाहर बुलाया। बालिका के घर के बाहर निकलने पर नवीन उसे जबरजस्ती अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। लोक लाज के भय और आरोपी की धमकी से बालिका घर में किसी को नहीं बताई थी। कल पीड़िता की मां द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अप.क्र. धारा 439/2024 धारा 376,506 आईपीसी 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नवीन भट्ट (45 साल) को हिरासत में लिया गया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

## 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**जूटमिल पुलिस ने की कार्यवाई**

रायगढ़



शाम जूटमिल थाना प्रभारी टीआई मोहन भारद्वाज को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब लेकर जामटिकरा की ओर से आ रही है और इसे बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी द्वारा एएसआई नरेन्द्र सिदार के नेतृत्व में महिला पुलिस स्टाफ और पेट्रोलिंग टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने कांशीराम चौक के पास संदिग्ध महिला को रोका, जो पैदल जा रही थी और उसके पास भारी मात्रा में शराब थी। पूछताछ में महिला ने अपना नाम कस्तुरी खुंटे, पति विक्की खुंटे, उम्र 26 वर्ष, निवासी जामटिकरा बताया। तलाशी लेने पर महिला के बैग से दो पन्नियों में कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब बरामद की गई। महिला से शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर पुलिस ने शराब जब्त कर महिला के खिलाफ थाना जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

इस सफल रेड कार्रवाई में एएसआई नरेन्द्र सिदार, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ, शशिभूषण साहू, और महिला आरक्षक देव कुमारी भारते शामिल थे। जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जनता से अपील की जाती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने किया वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित

**स्थानीय निकायों के निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने सभी जिले के प्रोगामर और मास्टर ट्रेनर्स हुए प्रशिक्षण में शामिल**

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह के निर्देश पर तथा सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में आज यहां अटल नगर नवा रायपुर स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में वीसी के माध्यम से राज्य के सभी जिले के प्रोग्रामर तथा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। आयोग द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने कहा गया। आयोग द्वारा आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए एक सटीक और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया ।

प्रशिक्षण में प्रोगामरों को मतदाता सूची के सॉफ्टवेयर, डिजिटल उपकरणों के प्रयोग और डाटा एन्ट्री से संबंधित जानकारी दी गई है तथा मास्टर ट्रेनरों को चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनिंग दी गई ताकि वे निर्वाचन अधिकारियों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षित कर सके। प्रशिक्षण में मतदाता सूची का डिजिटल प्रबंधन, आयोग द्वारा विकसित किये गये सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी टूल्स का इस्तेमाल कर मतदाता सूची को सही एवं सटीक तरीके से अद्यतन करने के बारे में बताया गया। जिसमें नये पंजीकरण, सूची से मृत तथा अवैद्य नामों को हटाने एवं सूची में किसी भी प्रकार के सुधार के प्रावधान शामिल किए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि कोई भी गलत नामांकन या त्रुटिपूर्ण डाटा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित न करें।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि स्थानीय निकाय निर्वाचन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व त्रुटि नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रोगामर और मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्य पूरी निष्ठा एवं तत्परता से करे ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता से हों। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं श्री आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## क्रिप्टोकरेंसी में ज्यादा फायदा कमाने का प्रलोभन देकर लाखों की ठगी,एक गिरफ्तार

धमतरी | आरएनएस



औरा बीटक्वाईन कंपनी में क्रिप्टोकरेंसी पर इन्वेस्ट करने एवं ज्यादा फ ायदा दिलाने का झुठा आश्वासन एवं प्रलोभन देकर लाखों की ठगी करने वाले एक आरोपी को धमतरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ितों को मोबाइल के माध्यम से दो वर्षो में कुल 18,27,000 रुपये का चुना लगाया था। मामले में आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 420, 34 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भुपेश चौधरी को आरोपी निर्मल सार्वा एवं मेहताब आलम नामक व्यक्तियों के द्वारा दिनांक 22.10.21 को सिमोन होटल धमतरी में औरा बीटक्वाईन नामक कंपनी में क्रिप्टोकरेंसी पर इन्वेस्ट करने पर ज्यादा फ ायदा दिलाने का झुठा आश्वासन एवं प्रलोभन देकर फ ोन पे, गुगल पे के माध्यम से निर्मल सार्वा के मोबाईल नंबर में 10,07,000 रूपये तथा मेहताब आलम के मोबाईल नंबर में 8,20,000 रूपये ट्रांसफ र करने कहने पर भुपेश चौधरी अपने स्टेट बैंक के खाता के माध्यम से दोनो को करीबन दो वर्षो तक कुल रकम 18,27,000 रुपये दिया एवं प्रार्थी के अन्य परिचित भुपेन्द्र साहू, श्याम वरयानी, को भी औरा बीटक्वाईन कंपनी अधिक लाभ मिलने की बात कह कर झांसा देकर उन लोगो से बड़ी रकम जमा कराया जिसका कोई लाभ नही मिला साथ ही पैसा वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा किसी प्रकार से सहयोग नही किया जा रहा है। प्रार्थी के आवेदन पर पुलिस ने आरोपी निर्मल सार्वा औरा बीटक्वाईन कंपनी छत्तीसगढ़ हेड तथा मेहताब आलम ओरा बीटक्वाईन कंपनी हेड के व्दारा जानबुझकर प्रार्थी को कपट पूर्वक एवं बेईमानी से क्रिप्टोकरेंसी में राशि जमा करवाने प्रलोभन देकर उत्प्रेरित करते हुए आर्थिक, मानसिक एवं ख्याति की हानि पहुंचाने पर आरोपी निर्मल सार्वा के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 420, 34 भादवि.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं पीड़ितों, गवाहों का कथन लिया गया एवं प्रार्थी एवं अन्य पीड़ित लोगों से आरोपीगणो के मोबाईल एवं खातो में किये गये ट्रांजेक्सन का बैंक स्टेटमेंट को जप्त किया गया है मामले में आरोपी निर्मल सार्वा की पतासाजी कर उसे पकडक़र पुछताछ किया जा रहा है। आरोपी के द्वारा अपने खातो एवं औराबीटक्वाईन कंपनी बीटीबी कंपनी का दस्तावेज पंजीयन प्रमाण पत्र आदि के संबंध में किसी प्रकार का दस्तावेज उपलब्ध नही कराया गया है। आरोपी निर्मल सार्वा को शुक्रवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU